श्रम, आप्रवासन, प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्रालय (Ministry of Labour, Immigration, Training and Skills Development)

विदेशी नागरिकों के लिए रोज़गार संरक्षण अधिनियम, 2009 (Employment Protection for Foreign Nationals Act, 2009) के तहत आपके अधिकार

अस्वीकरण**:** कर्मचारियों और नियोजकों को *विदेशी नागरिकों के लिए रोज़गार संरक्षण अधिनियम, 2009 (Employment Protection for Foreign Nationals Act, 2009)* (EPFNA) और विनियमों के तहत स्थापित न्यूनतम अधिकारों और दायित्वों को समझने में सहायता के लिए यह संसाधन तैयार किया गया है। यह क़ानूनी सलाह नहीं है। इसका अभिप्राय EPFNA या विनियमों को बदलना नहीं है और हमेशा क़ानून के आधिकारिक संस्करण का संदर्भ लिया जाना चाहिए। यद्यपि हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि इस संसाधन में मौजूद जानकारी यथासंभव वर्तमान और सटीक हो, पर कभी-कभी त्रुटियाँ होती हैं। EPFNA केवल न्यूनतम मानक उपलब्ध कराता है। कुछ कर्मचारियों के पास रोजगार अनुबंध, सामूहिक समझौते, सामान्य क़ानून या अन्य विधान के तहत अधिक अधिकार हो सकते हैं।

विदेशी नागरिकों के लिए रोज़गार संरक्षण अधिनियम, 2009 (Employment Protection for Foreign Nationals Act, 2009) (EPFNA) एक कानून है जो संघीय अस्थायी विदेशी कर्मचारी कार्यक्रम (federal Temporary Foreign Worker Program) की तरह आव्रजन या विदेशी अस्थायी कर्मचारी कार्यक्रम के तहत ओंटारियो में काम करने या काम की तलाश करने वाले विदेशी नागरिकों को अधिकार और सुरक्षा प्रदान करता है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया Ontario.ca/EPFNA पर जाएँ।

यह सूचना पत्र EPFNA के तहत आपके अधिकारों का सार प्रदान करता है। यदि आपकी पहली भाषा अंग्रेजी नहीं है**,** तो आपके नियोक्ता को आपको आपकी पहली भाषा में सूचना पत्र उपलब्ध कराना आवश्यक है**,** यदि आप इसके लिए पूछते हैं और यह श्रम, आप्रवासन, प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्रालय (Ministry of Labour, Immigration, Training and Skills Development) के पास उपलब्ध है।

ओंटारियो में काम करने वाले एक विदेशी नागरिक के रूप में**,** आपके पास आमतौर पर *रोजगार मानक अधिनियम, 2000 (Employment Standards Act, 2000)* (ESA) के तहत अधिकार हैं। ESA, ओंटारियो के अधिकांश कार्यस्थलों के लिए न्यूनतम वेतन और कार्य-समय के न्यूनतम मानक निर्धारित करता है। आपके नियोक्ता को ESA के तहत आपको आपके अधिकारों के बारे में एक सूचना पत्र भी देना आवश्यक है ।

भर्तीकर्ता आपसे कोई शुल्क नहीं ले सकता है

एक भर्ती करने वाला वह व्यक्ति है जो ओंटारियो में आपके लिए रोजगार खोजता है या खोजने की कोशिश करता है। एक भर्ती करने वाला ओंटारियो में आपको किसी के पास भेज सकता है या आपके लिए रोजगार खोजने में किसी की मदद कर सकता है। आपका भर्ती करने वाला या उनके साथ काम करने वाला कोई व्यक्ति, आपको प्रदान की गई किसी भी सेवा, जैसे लेबर मार्केट असेसमेंट, ओरिएंटेशन, रेज़्युमे लेखन सेवाएँ, साक्षात्कार की तैयारी या प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण सामान या लाभ के लिए आपसे कोई शुल्क नहीं ले सकता है।

एक नियोक्ता (कुछ अपवादों के साथ) आपसे कर्मचारी बनने की लागत नहीं वसूल कर सकता है

आम तौर पर, आपका नियोक्ता आपको भर्ती करने के लिए भुगतान किया गया शुल्क या लागत जैसे आपका लेबर मार्केट असेसमेंट, ओरिएंटेशन, ट्रेनिंग या भर्ती के लिए भुगतान किया गया शुल्क आपसे नहीं ले सकता है। वह इन शुल्कों या लागतों को आपके वेतन से भी काट नहीं सकता है। हालाँकि, यदि आप संघीय सरकार के सीज़नल एग्रीकल्चरल वर्कर प्रोग्राम (federal government's Seasonal Agricultural Worker Program) (SAWP) के तहत कार्यरत हैं और SAWP रोज़गार अनुबंध अनुमति देता है तो आपका नियोक्ता हवाई यात्रा और वर्क परमिट के शुल्क की कटौती कर सकता है।

एक नियोक्ता भर्ती करने वाले की ओर से एक विदेशी नागरिक से भर्ती शुल्क या अन्य नियोजन लागत रिकवर नहीं कर सकता है।

आपकी भर्ती करने वाला या नियोक्ता आपकी संपत्ति नहीं ले सकता है

आपको भर्ती करने वाला, आपका नियोक्ता या उनके लिए काम करने वाला व्यक्ति किसी भी कारण से आपकी संपत्ति पर कब्जा या उसे ज़ब्त नहीं कर सकता है। इसमें आपका पासपोर्ट या वर्क परमिट जैसे दस्तावेज़ शामिल हैं।

आप अपने अधिकारों को छोड़ने के लिए सहमत नहीं हो सकते हैं

आप EPFNA के तहत अपने किसी भी अधिकार को छोड़ने के लिए सहमत नहीं हो सकते या किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। ये समझौते या अनुबंध अमान्य हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हैं, जिसके अनुसार भर्ती करने वाला आपसे शुल्क ले सकता है, तो यह अनुबंध अमान्य होगा।

आपको अपने अधिकारों के बारे में पूछने या उसका उपयोग करने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता है

यदि आप EPFNA या ESA के तहत अपने अधिकारों के बारे में पूछते हैं या उसका उपयोग करते हैं तो आपको भर्ती करने वाला या आपका नियोक्ता आपके रोजगार को समाप्त करने सहित किसी भी तरह से आपको डरा, धमका या दंडित नहीं कर सकता है।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं या दावा दायर करना चाहते हैं तो

EPFNA के बारे में अधिक जानकारी के लिए Ontario.ca/EPFNA पर जाएँ

यदि EPFNA के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो आप रोजगार मानक सूचना केंद्र (Employment Standards Information Centre) को 416-326-7160, टोल फ्री 1-800-531-5551 या TTY 1-866-567-8893 पर कॉल कर सकते हैं। जानकारी कई भाषाओं में उपलब्ध है।

अगर आपको लगता है कि आपको EPFNA के तहत आपके अधिकार नहीं मिले हैं, तो आप Ontario.ca/EPFNA पर श्रम, आप्रवासन, प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्रालय (Ministry of Labour, Immigration, Training and Skills Development) में दावा दायर कर सकते हैं।

EPFNA (Employment Protection for Foreign Nationals Act, 2009) के तहत अपने अधिकारों के लिए दावा करने के लिए आपके पास साढ़े तीन साल का समय होता है।